# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

25/01/20

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Hindustan , Aligarh (UP)**



सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से गुरुवार को फोर्स ने मार्च निकाला।

Hindustan , Aligarh (UP)

# सिविल लाइन क्षेत्र में फोर्स का फ्लैग मार्च

**अलीगढ़।** एएमयू और शाहजमाल ईदगाह पर सीएए व एनआरसी के विरोध में चल रहे धरना प्रदर्शन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। गुरुवार को ट्रेनी आईपीएस व सीओ के नेतृत्व में फोर्स ने सिविल लाइन क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का संदेश दिया।

एएमयू में सीएए व एनआरसी के विरोध में पिछले काफी समय से लगातार धरना प्रदर्शन चल रहा है। कुछ दिन पहले महिलाओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने का प्रयास किया। जमालपुर में बार-बार महिलाएं सड़कों पर उतरने की कोशिश कर रही हैं। इसके चलते अब शाहजमाल ईदगाह में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। इसको लेकर पुलिस प्रशासन चौकन्ना हो गया है।

**अराजक तत्वों पर नजर :** गुरुवार को एएसपी अंकिता शर्मा व सीओ तृतीय अनिल समानिया ने पुलिस, पीएसी व आरएएफ के जवानों के साथ जमालपुर, शमशाद मार्केट, पुरानी चुंगी, दोदपुर आदि इलाकों में फ्लैग मार्च किया। अराजकतत्वों पर निगाह रखी गई। फोर्स ने अपनी मौजूदगी का अहसास कराते हुए सुरक्षा का संदेश दिया।

**Hindustan , prayagraj (UP)**

# पुख्ता रही सुरक्षा व्यवस्था चप्पे-चप्पे पर डटे जवान


## पुलिस रही अलर्ट

प्रयागराज | पीयूष श्रीवास्तव

मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर पुलिस ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया। पैरामिलिट्री फोर्स के साथ माघ मेला पुलिस ने यातायात प्रबंधन किया। ड्रोन, सीसीटीवी कैमरा और हेलीकॉप्टर से नजर रखी गई। वहीं स्टीमर, बोट और गोताखोर की मदद से जल पुलिस ने संगम नोज समेत सभी घाटों पर अपनी मौजूदगी दिखाई। भीड़ बढ़ी तो पुलिस अफसर खुद लाइन में खड़े होकर पुलिसकर्मियों के साथ बैरियर बनाकर डायवर्जन लागू कराया। वनवे होने के बाद भी विपरीत दिशा से भीड़ आने पर एडीजी ने ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मियों को फटकार भी लगाई और हर तरफ चेकिंग की। देर रात तक पुलिस सभी प्वाइंट पर मौजूद रही।

मौनी अमावस्या स्नान पर्व की पूर्व संध्या से ही भीड़ बढ़ने लगी थी। आधी रात को सभी पुलिस अफसरों की ड्यूटी लगा दी गई। पैरामिलिट्री के जवानों ने प्रवेश द्वार और प्रमुख जगहों पर माघ मेला पुलिस के साथ श्रद्धालुओं की मदद की। यातायात प्रबंधन में सहायता की। सुबह छह बजे मोरी-अन्नपूर्णा मार्ग पर भीड़ बढ़ने लगी। आईजी ने अपनी टीम के साथ वहां खड़े होकर एक दूसरे का हाथ पकड़कर बैरियर बनाया और यातायात को डायवर्ट किया। एसपी क्राइम पैरामिलिट्री फोर्स के साथ संगम क्षेत्र में गश्त करते नजर आए। खोजी कुत्ता और बम निरोधक दस्ते ने सभी जगहों पर तलाशी ली।

एडीजी जोन प्रेम प्रकाश ने माघ मेला में सभी प्वाइंट पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चेक की। संगम नोज पर तैनात कुछ पुलिसकर्मी गायब मिले, जिसके कारण फूल बेचने वालों की भीड़ लग गई थी। वहां से हटाकर जगह खाली कराया गया। कुछ लोग स्नान के बाद घाट पर ही कपड़े बदलने लगे थे। उन्हें भी बाहर किया गया। त्रिवेणी मार्ग पर वनवे होने के बाद भी विपरीत दिशा से भीड़ आने लगीं थी। एडीजी ने ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मियों को फटकार लगाई। बोट से उन्होंने सभी घाटों का निरीक्षण किया। संगम नोज से लेकर अरैल घाट तक इंतजाम देखा। जल पुलिस और गोताखोरों से मिले। पैरामिलिट्री फोर्स के साथ बड़े हनुमान मंदिर, संगम नोज, जगदीश रैंप आदि जगहों पर गश्त किया और ड्यूटी पर मिले पुलिसकर्मियों से रूबरू हुए। जल पुलिस प्रभारी कड़ेदीन भी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।



माघ मेला में शुक्रवार को मौनी अमावस्या पर सुरक्षा व्यवस्था में लगे एडीजी प्रेम प्रकाश ने मेले की व्यवस्था देखी। ● हिन्दुस्तान

**Hindustan , Lohardaga (JKD)**

## पूरे जिले में कर्फ्यू

- देर शाम दोनों तरफ से शुरू हुई नारेबाजी, आगजनी और तोड़फोड़ की भी कोशिश
- लोहरदगा जाने वाली ट्रेनें रद्द, परीक्षाएं स्थगित, गुमला के घाघरा में बंद रहा बाजार

# लोहरदगा में दिनभर शांति, रात में बवाल

लोहरदगा/रांची | हिन्दुस्तान



लोहरदगा के सुभाष चौक पर शुक्रवार को पसरा सन्नाटा और सुरक्षा में मुस्तैद पुलिस और रैफ के जवान।

**12** लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस ने की पूछताछ

**20** कंपनी सुरक्षा बलों की शहर में अलग से तैनाती की गई

- समीक्षा बैठक के बाद उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए
- 100 से अधिक लोगों को पकड़कर पुलिस ने थाना तक पहुंचाया
- शहर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों के जवान तैनात किए गए
- बवाल के बाद पुलिस ने देर रात पूरे शहर में किया फ्लैग मार्च

"स्थिति नियंत्रण में है। उपद्रवियों से निपटने के निर्देश दिए गए हैं। आईजी, डीआईजी और कई जिलों के पुलिस कप्तान लोहरदगा में कैंप कर रहे हैं। अफवाह पर ध्यान न देकर लोग शांति बनाए रखने में सहयोग करें।

\- आकांक्षा रंजन, डीसी, लोहरदगा

Dainik jagran Jamshedpur (JKD)

# लोहरदगा में कर्फ्यू जारी, दर्जन भर हिरासत में

## दो आइजी, एक डीआइजी, 6 एसपी और 12 डीएसपी के जिम्मे सुरक्षा की कमान, ट्रेन समेत सभी यात्री वाहनों का परिचालन बंद

जागरण संवाददाता, लोहरदगा : लोहरदगा में तिरंगा यात्रा के दौरान पथराव और आगजनी की घटना के बाद गुरुवार को कर्फ्यू लगा दिया गया, जो शुक्रवार को भी अनवरत जारी है। दर्जन भर लोगों को हिरसत में लिया गया है। संगीनों की निगहबानी में लोहरदगा सुरक्षित व शांतिपूर्ण वातावरण की ओर बढ़ रहा है। एहतियात के तौर पर प्रशासन ने सदर अस्पताल को अलर्ट रखा है। चिकित्सक और चिकित्साकर्मियों को 24 घंटे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

इधर, कर्फ्यू के कारण सड़क पर सन्नाटा पसरा हुआ है। लोगों को घर से बाहर निकलने की इजाजत नहीं दी गई है। हिंसा व बवाल के बाद सुरक्षा कारणों से शुक्रवार को पैसेंजर ट्रेन का परिचालन भी बंद रहा। वहीं यात्री वाहनों के परिचालन बंद रहने से बस स्टैंड में सन्नाटा पसरा रहा। हिंसा के बाद उत्पन्न तनाव को सामान्य करने के लिए पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। स्थिति सामान्य करने के लिए दो आइजी, रांची रेंज डीआइजी, 6 एसपी और 12 डीएसपी के साथ प्रमंडलीय आयुक्त व लोहरदगा के डीसी-एसपी जुटे रहे। इसके अलावा अर्द्धसैनिक बल की 15 कंपनियों के 2000 से ज्यादा पुलिस बल के जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किए गए हैं। बावजूद कई स्थानों पर झड़प की सूचना पर पुलिस परेशान रही। अधिकारी दिनभर आमलोगों को अफवाह से बचने की अपील करते रहे। जिले के शहरी क्षेत्र के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में पुलिस लगातार गश्त कर रही है। लोहरदगा में अर्द्धसैनिक बलों ने काफी मजबूती के साथ सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रखी है। पुलिस के सायरन से दिन भर पूरा शहर गूंजता रहा। जोनल आइजी सह आइजी मानवाधिकार नवीन कुमार सिंह ने कहा है कि इस प्रकार की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। कंट्रोल रूम को अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने एक मोबाइल नंबर जारी कर लोगों से गुरुवार की घटना का फोटो या वीडियो फुटेज उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है, ताकि उपद्रवियों की शिनाख्त कर सजा दिलाई जा सके।

**2000 से ज्यादा सशस्त्र पुलिस जवान हैं तैनात**

**अफवाहों का दौर रहा जारी, अपनों की खैरियत जानने के लिए परेशान रहे लोग**

**पूरे शहर में दिन भर गूंजता रहा पुलिस का सायरन**



लोहरदगा में तिरंगा यात्रा पर गुरुवार को पथराव के बाद शुक्रवार को भी कर्फ्यू जारी रहा। सुरक्षा के मद्देनजर बड़ी संख्या में जवानों को तैनात किया गया है। शहर के मुख्य सड़क पर तैनात रैफ के जवान ● जागरण

**हथियार के साथ एक गिरफ्तार दर्जनभर लोगों से पूछताछ**

बवाल के बाद पुलिस ने दर्जन भर लोगों को हिरसत में लिया है। सभी से पूछताछ हो रही है। एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। कर्फ्यू के बावजूद शहर से सटे निंगनी रोड में हिंसक झड़प की सूचना पर जाते वक्त पुलिस को उग्र लोगों ने रोकने का प्रयास किया। पुलिस ने पहले लोगों को समझाने का प्रयास किया, जब लोग नहीं माने तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सभी को खदेड़ा। शहर के अलग-अलग हिस्सों में दंडाधिकारी के साथ सुरक्षा बल तैनात हैं। गुरुवार को हिंसा के बाद कई स्कूलों में दूरस्थ क्षेत्र के कुछ बच्चे रह गए थे जिन्हें शुक्रवार को पुलिस संरक्षा में परिजन घर ले गए।

# प्रशासन ने गुदड़ी नरसंहार की जांच से भाजपा के दल को रोका

**अवरोध**

- पहले कराईकेला थाने के पास फिर सोनुवा के पास रोकी गई जांच टीम
- चक्रधरपुर, सोनुआ और गुदड़ी प्रखंड क्षेत्रों में 26 जनवरी तक निषेधाज्ञा


जागरण संवाददाता, चक्रधरपुर : पश्चिमी सिंहभूम के गुदड़ी प्रखंड के बुरुगुलीकेरा में सात लोगों की गला काट कर हत्या किए जाने के मामले की जांच करने जा रही भाजपा की छह सदस्यीय राष्ट्रीय टीम शुक्रवार को जांच के लिए गांव नहीं पहुंच सकी। टीम के पहुंचने के पहले ही प्रशासन ने चक्रधरपुर, सोनुआ और गुदड़ी प्रखंड क्षेत्रों में 26 जनवरी तक के लिए निषेधाज्ञा लगा दी। प्रशासन का कहना है कि तनाव की स्थिति और कुछ अन्य गुप्त सूचनाओं के मद्देनजर सुरक्षा और शांति के दृष्टिकोण से निषेधाज्ञा लगाई गई है। भाजपा के जांच दल को प्रशासन ने पहले कराईकेला में और उसके बाद सोनुवा में रोक दिया। इस बीच नाराज भाजपा नेताओं ने सरकार पर मामले की लीपापोती करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और घंटों सड़क पर धरने पर बैठे रहे। कराईकेला थाना के सामने धरना और हाईवोल्टेज ड्रामे के बीच जिला प्रशासन ने टीम को सोनुवा तक जाने की इजाजत दी। हालांकि जांच द गांव तक जाने की बात पर अ रहा। सोनुवा में करीबन साढ़े ती घंटे चले ड्रामे के बाद सभी भाजप नेताओं ने मौके पर ही प्रेस वार्ता क धरना समाप्त किया। भाजपा की छ सदस्यीय कमेटी का गठन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किय था। जांच दल ने सांसद जसवंत सिं भाभोर, राज्यसभा सदस्य समीर उरांव सांसद भारती पवार, गोमती साय, जॉ बार्ला और झारखंड सरकार के पू मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा शामिल हैं टीम के साथ भाजपा के झारखंड प्रदे अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा भी थे।

संबंधित खबरें » पेज 1

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF







**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**